रजिस्ट्री सं. डी.एल. (एन) 04/0007/2003—05 REGD. NO. D. L. (N) 04/0007/2003—05

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-सा.-25102023-249665
CG-DL-W-25102023-249665

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY
साप्ताहिक
WEEKLY

सं. 39] नई दिल्ली, अक्तूबर 8—अक्तूबर 14, 2023, शनिवार/आश्विन 16—आश्विन 22, 1945
No. 39] NEW DELHI, OCTOBER 8—OCTOBER 14, 2023, SATURDAY/ASVINA 16—ASVINA 22, 1945

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह पृथक संकलन के रुप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

**भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय अधिकारियों (संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा विधि के अंतर्गत बनाए गए और जारी किए गए साधारण सांविधिक नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं)**

**General Statutory Rules (Including Orders, Bye-laws etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)**

## स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

नई दिल्ली, 27 सितम्बर, 2023

**सा.का.नि. 137.**—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और राष्ट्रीय संचारी रोग संस्थान, राष्ट्रीय फाईलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम तथा राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम श्रेणी-I तथा श्रेणी-II (गैर-चिकित्सीय राजपत्रित पद) भर्ती नियमावली, 1976 को, जहाँ तक उनका संबंध कीटविज्ञ (केन्द्रीय क्रास चैकिंग संगठन), राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के पद से है, उन बातों के सिवाय अधिक्रांत करते हुए, जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पूर्व किया गया है या करने का लोप किया गया है, परिवार कल्याण मंत्रालय, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के अधीन राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण निदेशालय में कीटविज्ञ (केन्द्रीय क्रासचैकिंग संगठन) के पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :-

**1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ** – (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम परिवार कल्याण मंत्रालय, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण केंद्र, कीटविज्ञ (केन्द्रीय क्रास चैकिंग संगठन) समूह 'क' पद भर्ती नियम, 2023 है।

(2) ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

**2. पद की संख्या, वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में स्तर** – उक्त पद की संख्या, उसका वर्गीकरण और इससे संलग्न वेतन मैट्रिक्स में स्तर वह होगा जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ (2) से स्तंभ (4) में विनिर्दिष्ट हैं।

**3. भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं, आदि** – भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उससे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो उक्त अनुसूची के स्तंभ (5) से स्तंभ (13) में विनिर्दिष्ट हैं।

**4. निरर्हता** – वह व्यक्ति –

(1) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है या विवाह की संविदा की है ; या

(2) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है या विवाह की संविदा की है,

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

**5. शिथिल करने की शक्ति** – जहां केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहाँ वह उसके लिए जो कारण हैं उन्हें लेखबद्ध करके, और संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करके, इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

**6. व्यावृत्ति** – इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षण, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछडें वर्गों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

**अनुसूची**

| पद का नाम। | पद की संख्या। | वर्गीकरण। | वेतन मैट्रिक्स में स्तर। | चयन पद अथवा अचयन पद। | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा। |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| कीटविज्ञ (केन्द्रीय क्रास चैकिंग संगठन) | 01* (2023) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है। | साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'क', राजपत्रित अननुसचिवीय | वेतन मैट्रिक्स में स्तर – 10 (56100 - 177500 रू.) | लागू नहीं होता। | 35 वर्ष से अधिक नहीं (केंद्रीय सरकार द्वारा जारी किये गए अनुदेशों या आदेशों के अनुसार सरकारी सेवको के लिए पांच वर्ष तक शिथिल की जा सकती है)।<br>**टिप्पण**:- आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख संघ लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञापित की जायेगी। |

| सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं। | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं, प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं। | परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो। | भर्ती की पध्दति, भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पध्दतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता। |
|---|---|---|---|
| (7) | (8) | (9) | (10) |
| आवश्यक :-<br>(i) किसी मान्यताप्राप्त संस्थान या विश्वविद्यालय से कीटविज्ञान के साथ प्राणी विज्ञान में मास्टर्स डिग्री या लोक स्वास्थ्य कीटविज्ञान में मास्टर्स डिग्री।<br>(ii) केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन या स्वशासी अथवा कानूनी संगठन या पब्लिक सेक्टर उपक्रम या विश्वविद्यालय या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थान की स्कीम के अधीन चिकित्सा कीटविज्ञान या लोक स्वास्थ्य कीटविज्ञान या वेक्टर जनित रोग के क्षेत्र में अध्यापन और / या अनुसंधान और / या नियंत्रण में तीन वर्ष का अनुभव।<br>वांछनीय:-<br>केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार की किसी स्कीम के अधीन उच्च चिकित्सा कीटविज्ञान/वेक्टर जीव विज्ञान नियंत्रण/लोक स्वास्थ्य कीटविज्ञान या वेक्टर जनित रोग में प्रशिक्षण।<br>**टिप्पण 1:** अर्हताएं, अन्यथा सुअर्हित अभ्यर्थियों की दशा में संघ लोक सेवा आयोग के विवेकानुसार शिथिल की जा सकती हैं।<br>**टिप्पण 2:** अनुभव संबंधी अर्हता (अर्हताएं) संघ लोक सेवा आयोग के विवेकानुसार अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों की दशा में, तब शिथिल की जा सकती हैं जब चयन के किसी प्रक्रम पर संघ लोक सेवा आयोग की यह राय है कि उनके लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए अपेक्षित अनुभव रखने वाले उन समुदायों के अभ्यर्थियों के पर्याप्त संख्या में उपलब्ध होने की सम्भावना नहीं है। | लागू नहीं होता। | एक वर्ष।<br>**टिप्पण:** केन्द्रीय सरकार द्वारा यथाविहित, परिवीक्षा के सफलतापूर्वक पूरा किये जाने के लिए कम से कम दो सप्ताह की अवधि का अनिवार्य प्रवेश प्रशिक्षण होगा। | सीधी भर्ती द्वारा।<br>**टिप्पण** : पदधारी के प्रतिनियुक्ति या लम्बी बीमारी या अध्ययन छुट्टी या किसी अन्य परिस्थिति में एक वर्ष या अधिक अवधि के लिए बाहर रहने के कारण हुई रिक्तियां, केंद्रीय सरकार के ऐसे अधिकारियों में से प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरी जा सकेंगी :-<br>(क) (i) जो नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं; या<br>(ii) जिन्होंने वेतन मैट्रिक्स के स्तर-8 में चार वर्ष की नियमित सेवा की हो; और<br>(ख) स्तम्भ (7) के अधीन सीधी भर्ती किये जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित की गई अर्हताएं और अनुभव रखता हो। |

| प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति/आमेलन किया जाएगा। | यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है, तो उसकी संरचना | भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा। |
|---|---|---|
| (11) | (12) | (13) |
| लागू नहीं होता। | समूह 'क' विभागीय पुष्टि समिति : (पुष्टि के संबंध में विचार करने के लिए) जिसमें निम्नलिखित होंगे :-<br>1. संयुक्त सचिव (संबध्द), स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय - अध्यक्ष<br>2. उप महानिदेशक (संबध्द), या निदेशक (प्रशासन और सतर्कता) - सदस्य<br>3. निदेशक, राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण निदेशालय - सदस्य | संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करना आवश्यक है। |

[फा.सं. 1-44/2019/प्रशा-I]

गणेश कुमार, अवर सचिव

## MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE

New Delhi, the 27th September, 2023

**G.S.R. 137.**—In exercise of the powers conferred by the proviso to Article 309 of the Constitution and in supersession of the National Institute of Communicable Diseases, National Filaria Control Programme and National Malaria Eradication Programme (Class I and Class II, Non-medical, Gazetted posts) Recruitment Rules, 1976, in so far as they relate to the post of Entomologist (Central Cross Checking Organization), National Malaria Eradication Programme except as respects things done or omitted to be done before such supersession, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Entomologist (Central Cross Checking Organization) in the Directorate of National Centre for Vector Borne Disease Control, Delhi under the Directorate General of Health Services, Ministry of Health and Family Welfare, namely :-

1. **Short title and commencement.-** (1)These rules may be called the Ministry of Health and Family Welfare, Directorate General of Health Services, National Center for Vector Borne Disease Control, Entomologist (Central Cross Checking Organization) Group 'A' Post Recruitment Rules, 2023.

   (2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Number of post, classification and level in the pay matrix.-** The number of the said post, its classification and the level in the pay matrix attached thereto shall be as specified in columns (2) to (4) of the Schedule annexed to these rules.

3. **Method of recruitment, age-limit, qualifications etc.-** The method of recruitment, age-limit, qualifications and other matters relating thereto shall be as specified in columns (5) to (13) of the said Schedule.

4. **Disqualification.-** No person-

   (a) who has entered into or contracted a marriage with any person having a spouse living; or

   (b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post:

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. **Power to relax.-** Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order, for reasons to be recorded in writing and in consultation with the Union Public Service Commission, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

6. **Saving.-** Nothing in these rules shall affect reservation, relaxation of age-limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, the Other Backward Classes, the Ex-servicemen and

other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

**SCHEDULE**

| Name of post. | Number of post. | Classification. | Level in pay matrix. | Whether selection or non-selection post. | Age- limit for direct recruits. |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| Entomologist (Central Cross Checking Organization) | 01* (2023) *Subject to variation dependent on workload. | General Central Service, Group 'A', Gazetted, Non-Ministerial. | Level 10 in the pay matrix (Rs.56100-177500). | Not applicable. | Not exceeding 35 years (Relaxable for Government servants upto 5 years in accordance with the instructions or orders issued by the Central Government).<br>**Note:-** The crucial date for determining the age limit shall be as advertised by UPSC. |

| Educational and other qualifications required for direct recruits. | Whether age and educational qualifications prescribed, if any, for direct recruits will apply in the case of promotees. | Period of probation, if any. | Method of recruitment, whether by direct recruitment or by promotion or by deputation/ absorption and percentage of the vacancies to be filled by various methods. |
|---|---|---|---|
| (7) | (8) | (9) | (10) |
| **Essential:-**<br>(i) Masters degree in Zoology with Entomology as a paper from a recognised University, or institute or Masters degree in Public Health Entomology .<br>(ii) Three years experience in teaching and/or research and/ or control in the field of Medical Entomology or Public Health Entomology or Vector Borne Diseases under any of the schemes of the Central Government or State Government or Union Territory Administrations or autonomous or statutory organisations or public sector undertakings or universities or recognised research institutes.<br>**Desirable:-**<br>Training in advanced Medical Entomology/Vector Biology Control/ Public Health Entomology or Vector Borne Diseases under any of the schemes of the Central Government or State Government.<br>**Note-1:** Qualifications are relaxable at Union Public Service Commission's discretion in case of candidates otherwise well qualified.<br>**Note-2:** The qualification(s) regarding experience is/are relaxable at the discretion of Union Public Service Commission, for reasons to be recorded in writing in the case of candidates belonging to Scheduled Castes, or Scheduled Tribes, if at any stage of selection the Union Public Service Commission is of the opinion that sufficient number of candidates from these communities possessing the requisite experience are not likely to be available to fill up the vacancies reserved for them. | Not applicable. | One year.<br>There shall be a mandatory induction training of at least two weeks' duration for successful completion of probation as prescribed by Central Government. | By direct recruitment.<br>**Note:** Vacancies caused by the incumbent being away on deputation or long illness or study leave or under other circumstances for a duration of one year or more may be filled on deputation basis from officers of Central Government -<br>(a) (i) holding analogous posts on regular basis; or<br>(ii) with four years regular service in posts in level-8 of the pay matrix; and<br>(b) Possessing the qualifications and experience prescribed for direct recruits under column (7). |

| In case of recruitment by promotion or by deputation/ absorption, grades from which promotion or deputation/ absorption to be made. | If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition. | Circumstances in which Union Public Service Commission is to be consulted in making recruitment. |
|---|---|---|
| (11) | (12) | (13) |
| Not applicable. | Group 'A' Departmental Confirmation Committee (for considering confirmation) consisting of:-<br>1. Joint Secretary (Concerned), Ministry of Health & Family Welfare -Chairman;<br>2. Deputy Director General (Concerned) or Director (Administration and Vigilance) - Member;<br>3. Director, Directorate of National Center for Vector Borne Disease Control -Member. | Consultation with Union Public Service Commission is necessary. |

[F. No. 1-44/2019/Admin.I]

GANESH KUMAR, Under Secy.

नई दिल्ली, 6 अक्तूबर, 2023

**सा.का.नि. 138.**—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और अखिल भारतीय भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास संस्थान, बॉम्बे (वर्ग III और IV पद) भर्ती नियम 1968 को, जहाँ तक उसका संबंध अनुदेशक के पद से है, उन बातों के सिवाय अधिक्रांत करते हुए, जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पूर्व किया गया है या करने का लोप किया गया है, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, अखिल भारतीय भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास संस्थान, मुंबई में अनुदेशक (ऑर्थोटिक्स) के पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ:**(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, अखिल भारतीय भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास संस्थान, मुंबई, अनुदेशक (ऑर्थोटिक्स) (समूह 'ग' पद) भर्ती नियम, 2023 है।

   (2) ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **पद की संख्या, वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में स्तर-** उक्त पद की संख्या, उसका वर्गीकरण और उससे संलग्न वेतन मैट्रिक्स में स्तर वह होगा जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ (2) से स्तंभ (4) में विनिर्दिष्ट है।

3. **भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं, आदि-** उक्त पद पर भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उससे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो उक्त अनुसूची के स्तंभ (5) से स्तंभ (13) में विनिर्दिष्ट हैं।

4. **निरर्हता:** वह व्यक्ति-

   (क) जिसने ऐसे व्यक्ति से, जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है या विवाह की संविदा की है; या

   (ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए, किसी व्यक्ति से विवाह किया है या विवाह की संविदा की है,

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा:

परंतु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह, ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं, तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।